52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 8.0 °c अधिकतम 16.4 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:43 | वर्ष : 52/ अंक : 16 | बृहस्पतिवार, 16 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

हालात किताब और आघात से जो भी सीखता है फिर उससे दुनिया सीखती है, मन प्रेम के लिए नहीं, नौकरी के लिए चिंतित है।

केजरीवाल और राहुल गांधी देश विरोधी ताकतों के साथ हैं : गौरव भाटिया

सवाल ये है कि इनके साथ कौन-कौन हैं ?.....

राष्ट्रीय राजमार्ग पर अब तक की वाहनों की सबसे बड़ी भिड़ंत, 20 वाहन एक साथ टकराए

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। दिन निकलते ही कोहरे का कहर ऐसा बरपा कि बुधवार को एनएच-58 पर लगभग पांच किलोमीटर का लम्बा जाम लग गया। बुधवार को छाया कोहरा अब तक का सबसे घना कोहरा माना गया है, जिसमें दो मीटर की दूरी का भी दिखाई नहीं दे रहा था। इसी के चलते एनएच 58 पर 20 वाहनों की एक साथ भिड़ंत हो गयी। पहले तो यह जाम आमजन को सामान्य लग रहा था, मगर थोड़ी ही देर में पता चला कि एनएच-58 जानसठ बाईपास के फ्लाई ओवर के ऊपर बीस वाहनों की जबरदस्त भिड़ंत हुई है। इस भिड़ंत में बड़ी-बड़ी कम्पनियों के मजबूती के दावे खोखले साबित हो गए। डीसीएम हो या अन्य गाड़ियां बुरी तरह से पिचकी हुई दिखाई दी। प्रशासन को इसकी सूचना मिली तो तुरन्त मदद के इंतजाम भेजे गए। क्रेन और ट्रैफिक पुलिस की मदद से लगभग दो घंटे बाद यातायात सुचारू हो पाया। इस दुर्घटना में सुखद बात यह रही कि बीस वाहनों की जोरदार भिड़ंत के बाद भी किसी जनमानस की जान नहीं गयी। जैसे तैसे वाहन चालकों ने हल्की फुल्की खरोचों के बाद अपना बचाव कर लिया, नहीं तो दुर्घटना का नजारा जैसा था, उसे देखकर साफतौर पर लग रहा था कि इस दुर्घटना में कई जानें जा सकती थी। जिसने भी इस दुर्घटना का नजारा देखा उसने शुक्र मनाया कि चलो गाड़ियों के नुकसान पर ही बात टल गयी, किसी की जान नहीं गयी। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन इसी तरह मौसम बने रहने का अनुमान है। बुधवार की शाम ढलते ही फिर एक बार शहर कोहरे की चादर में लिपट गया।

फाइव स्टोर सेफ्टी रेटिंग का दम भरने वाली गाड़ियों के भी निकले कचूमर

मुजफ्फरनगर। बुधवार को एनएच 58 पर जब भिड़ंत हुई तो उन गाड़ियों की दुर्दशा देखने लायक थी जो फाइव स्टार रेटिंग का दम भरती हैं। उनके कचूमर निकले हुए थे। बड़ी बड़ी एसयूवी गाड़ियां बोनट से लेकर खिड़की तक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त दिखाई दी। यदि इन गाड़ियों के बैलून न खुलते तो कोई न कोई जानलेवा घटना जरूर हो सकती थी। चौपहिया निजी उपयोग के वाहन तो छोड़ो, माल ढोने वाले डीएसीएम, ट्रक तक की हालत बद से बदतर साफ तौर पर दिख रही थी। ऐसे में दुर्घटना के दौरान ऐसी गाड़ियों की पोल भी खुलती दिखाई दी जो क्रैश टैस्ट में फाइव स्टार सेफ्टी रेटिंग का दम भरती हैं। अब यह फाइव स्टार क्रैश टैस्ट रेटिंग कैसी होती होगी, फोटो देखकर आप अंदाजा लगा लीजिए। ऐसी कम्पनियों से जवाबदेही जरूर कीजिए कि अब बताएं कैसी सेफ्टी है।

कोहरे में डिवाइडर से टकराकर पलटी रोडवेज बस, कई यात्री चोटिल

सहारनपुर, 15 जनवरी (एजेंसी)। कोहरे में डिवाइडर से टकराकर पलटी रोडवेज बस, कई यात्री चोटिल हो गए। बताया गया कि सहारनपुर डिपो की बस दिल्ली की तरफ जा रही थी। इसी दौरान रामपुर मनिहारन थाना क्षेत्र में हादसा हुआ। बस में करीब 30 यात्री थे। गलत दिशा में खड़े ट्रक को बचाने के प्रयास में हादसा हुआ। सहारनपुर से दिल्ली जा रही रोडवेज बस चुनहेटी फाटक के पास डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें कई यात्री चोटिल हो गए। हादसे के समय बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मचाई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से यात्रियों को बाहर निकाला गया। थाना रामपुर मनिहारान क्षेत्र में हादसा करीब सवा नौ बजे का है। सहारनपुर डिपो की बस बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे कांशीराम कॉलोनी बस स्टैंड से दिल्ली के लिए रवाना हुई। घने कोहरे के कारण बस चालक को चुनहेटी फाटक से आगे डिवाइडर दिखाई दिया। एक साइड में ट्रक खड़े थे। इसलिए ट्रकों को बचाने के चक्कर में बस डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। बस पलटते ही यात्री सहम गए। चीख पुकार मचाई तो बाईपास के पास खड़े लोग पहुंचे और एक-एक यात्रियों को बस से निकाला गया। मौके पर लोगों की भीड़ गई। चुनहेटी पुलिस चौकी से पुलिस और रोडवेज के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बस को सीधी करने के लिए क्रेन बुलाई गई। जो यात्री बस में सवार थे, उन्हें सहारनपुर की तरफ से आ रही बसों में भेजा गया। कई बसों से यात्री भेजे गए। आठ से दस यात्रियों को हल्की चोट आई। पांस से छह यात्री आसपास के निजी अस्पताल में पहुंचे।

यात्रीगण कृपया ध्यान दें...

ट्रेनें लेट, यात्री परेशान, सर्दी और कोहरा बढ़ा

▶ घने कोहरे के चलते देरी से चल रही ट्रेनों ने यात्रियों की बढ़ाई मुश्किलें

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। एक ओर जहां कोहरे का सड़कों पर कहर देखने को मिल रहा है तो वहीं इसका असर अब रेलवे पर भी दिखाई देने लगा है। मुजफ्फरनगर में चल रही ट्रेनें लगातार देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती सर्दी और घने कोहरे ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। स्टेशनों पर यात्री घंटों तक ट्रेनों का इंतजार करते नजर आ रहे हैं।

कैंसिल चल रही ट्रेन

- 14661 शालीमार एक्सप्रेस
- 64557 एमयू सहारनपुर दिल्ली

प्रभावित ट्रेनों की सूची -गाजियाबाद से मुजफ्फरनगर

- 14681 जालंधर एक घंटा तेईस मिनट लेट
- 14521 अंबाला इंटर सिटी दो घंटे बारह मिनट लेट
- 18477 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस तीन घंटे इकतीस मिनट लेट
- 12903 गोल्डन टेंपल एक घंटे पचास मिनट लेट
- 12055 जन शताब्दी एक्सप्रेस बीस मिनट लेट
- 19325 इंदौर अमृतसर एक्सप्रेस चार घंटा नो मिनट लेट

मुजफ्फरनगर से गाजियाबाद

- 64560 सहारनपुर दिल्ली एमयू तीस मिनट लेट
- 12056 जन शताब्दी बीस मिनट लेट
- 18478 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस तीस मिनट लेट
- 14522 अंबाला दिल्ली चालीस मिनट लेट
- 19020 देहरादून से बांद्रा टर्मिनल एक घंटा तेरह मिनट लेट
- 19032 योगा एक्सप्रेस एक घंटा तिरालीस मिनट लेट।

अतिक्रमण को लेकर व्यापारी और ईओ आमने-सामने, दुकानें की बंद

व्यापारी चाभी लेकर गाड़ी के आगे खड़े हुए तो भड़क गई ईओ

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। बुधवार को दोपहर ईओ प्रज्ञा सिंह शिवचौक के आसपास अपनी पालिका टीम (निर्माण विभाग, कर विभाग) को लेकर गयी हुई थी। जब वे शिवचौक के पास पहुंची तो एकाएक उनकी टीम यह जांच करने के लिए कि गोल मार्किट में अतिक्रमण हटा या नहीं, वहां पहुंची। पहुंचने के बाद जब उन्हें खुद के आने जाने का रास्ता सहज नहीं दिखा तो ईओ ने गाड़ी बुलाकर अतिक्रमण का सामान उसमें रखने की बात कही। बस इसी बात पर व्यापारी भड़क गए और उन्होंने धड़ाधड़ अपनी दुकानों के शटर बंद करने शुरू कर दिये। इसके बाद व्यापारियों ने दुकानों पर ताला मारा और नगर पालिका पहुंच गए, जहां ईओ को एक मीटिंग अटैंड करने के लिए जाना था, सभी व्यापारी अपने नेता राकेश त्यागी के नेतृत्व में उनकी गाड़ी के आगे चाभी लेकर खड़े हो गए। इस पर ईओ गाड़ी से उतरी और व्यापारियों पर भड़क उठी। उन्होंने कहा कि ये कौन सा तरीका है, एक तो अतिक्रमण भी आप खुद करेंगे, दूसरा नाजायज दबाव भी हमें चाभियां सौंपकर बनाएंगे। आप लोगों से जैसा कि दिसम्बर माह में तय हुआ था, उसी के अनुरूप जब तक मार्किट की व्यवस्था नहीं बनेगी, तब तक इसी तरह से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलता रहेगा। इस पर व्यापारियों ने जवाब दिया कि जो दुकान के आगे जो पांच फुट जगह छोड़कर सामान लगाने की बात तय हुई थी, वही वह कर रहे हैं। इस पर भी ईओ ने जवाब दिया कि मुझे यह बताने की जरूरत नहीं है कि वहां कितना अतिक्रमण हुआ है, मैं खुद वहां घूमकर आई हूं, जब मेरे चलने लायक ही जगह वहां नहीं है तो आम आदमी की बात करना तो बेमानी है। ईओ ने मौके के फोटो भी मीडिया को दिखाए और बताया कि यह देखिए, किस तरह से ऊपर-नीचे सब जगह अतिक्रमण ही अतिक्रमण हो रहा है। व्यापारियों ने आश्वासन दिया कि जितना नगर पालिका ने तय किया है, उस स्थान तक ही सामान रखा जायेगा। इस पर बात समाप्त होने के बाद व्यापारियों ने वापस आकर अपनी दुकानें खोल ली।

कोहरे व ठंड में स्कूल पहुंचे बच्चे, फिर आए छुट्टी के आदेश

▶ सुबह से दोपहर तक रहा कोहरा, रात को ही बारिश ▶ कोहरे ने वाहनों की गति को लगाए ब्रेक, रेंगने को विवश वाहन ▶ दृश्यता कम होने ने बढ़ा दी दुर्घटनाओं की संभावना

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। पहाड़ों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बदलते मौसम के मिजाज ने दिल्ली-एनसीआर के साथ प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड का सितम बादस्तूर जारी रखा है। सायं ढलने के साथ शुरू हुए कोहरे के कहर बीच दोपहर तक सूर्यदेव के दर्शनों को तरसते लोगों को राहत की अभी उम्मीद दूर तक नहीं दिखी। हालांकि दिन के समय थोड़ी धूप निकल जाने से लोगों को कुछ राहत सी मिल जाती है, लेकिन कोहरे के बढ़ते कहर से वाहनों की गति को ब्रेक व दृश्यता की कमी दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ा रही है, जिससे मुक्ति को वाहनों की रात्रि व सुबह आवाजाही बहुत कम रह गई। सुबह कोहरे के बाद शाम को मौसम ने फिर करवट लेते हुए बादलों से बारिश बरसी। बुधवार को जारी मौसम विभाग के अलर्ट के बीच न्यूनतम पारा 8 डिग्री व अधिकतम पारा 16.4 डिग्री के साथ गलन 92 प्रतिशत रही। बुधवार देर सायं स्कूलों में फिर से तीन दिनों के अवकाश की घोषणा ने बच्चों के साथ ही उनके अभिभावकों को राहत दी।

प्रदेश की सबसे ठंडी रात रहने के साथ बुधवार सुबह कोहरे ने मुजफ्फरनगर समेत वेस्ट यूपी में अपना असर दिखाया। दिन प्रति दिन ऐसे में कोहरे के इस कहर से अभी निजात मिलती दूर तक भी नहीं दिखाई दे रही है। बुधवार सुबह के समय अत्यधिक कोहरे व ठंड के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई।

शेष - पृष्ठ-4 पर

कड़कड़ाती ठण्ड में बच्चे गए स्कूल तो डीएम का दिल पिघला और कर दी छुट्टी

मुजफ्फरनगर। बुधवार को दिन निकलते ही जब कोहरे का आलम ऐसा दिखाई दिया कि दो मीटर आगे का भी नहीं दिख रहा था, ऐसे में अभिभावकों ने सुबह जल्दी उठकर अपने बच्चों को तैयार किया और स्कूल भेजना शुरू कर दिया, मगर जैसे ही घरों से बाहर निकले तो साढ़े नौ बजे तक भी ऐसा लग रहा था कि मानों सुबह के 6 बजे का नजारा हो। ऐसे में अभिभावकों ने मीडिया के माध्यम से अनुरोध किया कि जिलाधिकारी से कहें कि बच्चों पर थोड़ा रहम करें। अभिभावकों तथा बच्चों की भावना को समझते हुए देर शाम छुट्टी की घोषणा बीएसए के माध्यम से कराई।

आज से फिर तीन दिनों का जारी हुआ शीतकालीन अवकाश

शिक्षकों को इस बीच स्कूलों में रहना होगा उपस्थित

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। हाड़ कंपा देने वाली सर्द हवाओं व ठिठुरती ठंड के बीच जनपद में कोहरे का कहर अभी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को करीब दो सप्ताह के शीतकालीन अवकाश के बाद फिर से खुले स्कूलों में जनपद में फिर से कोहरा व ठंड बढ़ जाने से बच्चों को स्कूल जाने को जहां एक ओर विवश होना पड़ा, वहीं अभिभावकों को जिम्मेदारी का निर्वहन करने में पसीने छूटे रहे। दिनभर अभिभावकों व बच्चों की ओर से शीत लहर के बीच छुट्टी की गुहार देर सायं डीएम उमेश मिश्रा ने स्वीकार कर ली और उनके आदेश पर बीएसए संदीप कुमार की ओर से अगले तीन दिनों के लिए कक्षा नर्सरी से 8वीं तक के बच्चों का अवकाश बढ़ा दिया है। बीएसए संदीप कुमार की ओर से जारी आदेश में मुजफ्फरनगर जनपद के सभी प्राथमिक स्कूलों के साथ मान्यता प्राप्त, गैर मान्यता प्राप्त और सीबीएसई विद्यालयों में गुरूवार 16 जनवरी से आगामी 18 जनवरी तक का शीतकालीन अवकाश बढ़ा दिया है। साथ ही बीएसए संदीप कुमार ने अपने जारी आदेश में शिक्षकों के लिए विद्यालय में उपस्थिति अनिवार्य करते हुए इस कार्यकाल में अपने आधार पेंडेंसी कार्य पूर्ण करने के साथ डीबीटी संबंधित कार्य, बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र कार्य आदि पूर्ण करने के निर्देश जारी किए हैं।

किशोर ने सल्फास खाकर मौत को गले लगाया

बुढ़ाना, 15 जनवरी (बु.)। एक किशोर ने सल्फास खाकर मौत को गले लगा लिया। परिजनों में कोहराम मचा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहवाड़ा निवासी 20 वर्षीय दीपक पुत्र योगेश सैनी ने बीते मंगलवार की सुबह उस समय सल्फास का सेवन कर लिया था, जब परिजन खेतों पर काम करने के लिए गये हुए थे। जब हालत बिगड़ने पर इसकी सूचना परिजनों को मिली, तो वे दौड़े घर आए और कस्बे के एक निजी हॉस्पिटल में ले गये, जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते किशोर को बेगराजपुर अस्पताल के लिए रैफर कर दिया, जहां उपचार के चलते किशोर ने देर रात दम तोड़ दिया। इसकी सूचना डॉक्टरों ने मंसूरपुर पुलिस को दी, तो उन्होंने इसकी सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी। तब अस्पताल में पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। शव बुधवार को बुढ़ाना लाया गया। जहां पर सायं के समय दीपक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कुछ लोगों ने बताया कि दीपक दो हफ्ते पहले वैष्णो देवी की यात्रा पर गया हुआ था। वहां से आते ही वह गुमसुम सा रहने लगा था। वह बाइकों का एक अच्छा मिस्त्री भी था और कई दिन से दुकान पर भी नहीं जा रहा था। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया इस बारे में कुछ पता नहीं लग पाया।

अधिकारियों ने सुना अनुरोध, चाईनीज मांझे हेतु की छापेमारी

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। जनहित में मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा जिलाधिकारी से प्रतिबंधित चाइनीज मांझे पर छापेमारी कर अनुरोध किया गया था। अनुरोध को स्वीकार करते हुए स्वयं डीआईजी व एसएसपी अभिषेक सिंह के निर्देशों पर चाईनीज मांझे की जांच के लिए छापेमारी की गयी। छापेमारी के साथ-साथ पुलिस द्वारा माइक स्पीकर से पतंग बेचने वालों की दुकानों के आसपास खुलकर यह ऐलान किया गया कि चाइनीज मांझा बेचते कोई दुकान दिखाई न दे। यदि कोई दुकानदार उक्त प्रतिबंधित मांझा बेचता पकड़ा जाता है तो उस पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

सख्त हिदायत दी कि यदि किसी दुकानदार के द्वारा भी चाइनीज मांझा बेचने की कोई सूचना मिली तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों को इस बात से भी अवगत कराया कि वर्ष 2017 में ही एनजीटी ने देशभर में चाइनीज मांझे को प्रतिबंधित कर दिया था, जिस पर सजा व आर्थिक दण्ड का प्रावधान भी है। ऐसे में बुधवार को खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान व शहर कोतवाली प्रभारी अक्षय शर्मा अपनी टीम के साथ पतंग की दुकानों पर चैकिंग करते दिखाई दिये। फिलहाल उन्हें किसी भी दुकान से कोई चाइनीज मांझा नहीं मिला, इसी क्रम में नई मण्डी व सिविल लाइन थाने में भी यह चैकिंग अभियान चलाया गया। आपको बता दें कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के जिले शाहजहांपुर में चाइनीज मांझे से एक सिपाही की मौत हो गयी थी। उसी के दृष्टिगत सतर्कता बरतते हुए उत्तर प्रदेश में चाइनीज मांझे की बिक्री पर अब सख्ती की जा रही है।

मसाज सैन्टर के नाम पर अनैतिक कार्य करने वालों के विरूद्ध क्रान्ति सेना ने सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बुस.)। क्रांतिसेना सहित अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने जनपद में बड़े पैमाने पर खोले गए मसाज सेंटरो के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए आरोप लगाया कि इन मसाज सेंटर की आड़ में देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। आज क्रांतिसेना मंडल अध्यक्ष शरद कपूर जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी, समाजसेवी गुरु गोहर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी के नेतृत्व में अनेक हिंदूवादी व सामाजिक संगठनों से जुड़े नेताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए अनैतिक कार्यों में लगे इन मसाज सेंटर को तत्काल बंद करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के संरक्षण में चल रहे इन मसाज सेंटर में भोली-भाली लड़कियों और नवयुवकों को गर्त में धकेलने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक प्रकार से यह देह व्यापार को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कमल सिनेमा स्थित देह व्यापार का बड़ा धंधा करने वाले इस मसाज सेंटर के अलावा महावीर चौक पर आलोक स्वरूप बिल्डिंग, ग्रैंड प्लाजा व आर्यपुरी में मौजूद उक्त मसाज सेंटर पर समाज में गंदगी फैलाने का आरोप लगाया, जिन्हें सामाजिक हित में तत्काल बंद किया जाना अत्यंत आवश्यक है। हिंदू संगठन में चेतावनी दी कि यदि इन पर तत्काल

रोक नहीं लगाई गई, तो संगठन के कार्यकर्ता स्वयं जबरन इन्हे बंद करा देंगे।

प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी सहित भाजपा के 13 उम्मीदवार बुधवार को करेंगे नामांकन दाखिल

नयी दिल्ली 15 जनवरी (वार्ता)। सर्वश्री प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी और विजेंद्र गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 13 उम्मीदवार बुधवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। नयी दिल्ली से श्री वर्मा के खिलाफ आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस की ओर से श्री संदीप दीक्षित चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से श्री बिधूड़ी के खिलाफ मुख्यमंत्री एवं आप प्रत्याशी आतिशी और कांग्रेस की ओर से सुश्री अलका लांबा चुनाव लड़ रही है। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीटों पर 05 फरवरी को मतदान होगा। वहीं, 08 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

- चुनाव अधिकारियों ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। बुधवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित वर्ष 2025 की कार्यकारिणी को एक सादे समारोह में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। फैंथमहाल में आयोजित किए गए इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुर कंवरपाल सिंह एवं महासचिव चंद्रवीर सिंह निर्वाल की अगुवाई में नई कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के सम्मान और उनके हितों के लिए संघर्ष का संकल्प लिया। इसके साथ ही बार और बैंच के रिश्तों को और मजबूत करने के साथ ही सभी वादकारियों के हितों को ध्यान में रखकर काम किए जाने पर जोर दिया। बुधवार को कचहरी परिसर स्थित फैंथम हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को इस बीच मौजूद चुनाव अधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में सबसे पहले कनिष्ठ सदस्यों के रूप में अभिषेक खोकर, अंशु तोमर, रश्मि कश्यप, आदित्य शर्मा, कैसर अली एवं उमा देवी को चुनाव अधिकारी सतेश्वर सिंह तोमर, वरिष्ठ सदस्यों मनोज कुमार शर्मा, अनुराग, कुलदीप सिंह, रकमपाल सिंह सैनी, प्रवीण कुमार मलिक और राकेश कुमार मौर्या को चुनाव अधिकारी कैलाश चंद एडवोकेट

ने शपथ दिलाई। इस बीच चुनाव में सबसे अधिक मत लेने वाले अधिवक्ता मनोज कुमार शर्मा को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की कड़ी में सह सचिव निर्वाचित सचिन त्यागी, शिखा कौशिक व अखलाक चौधरी को चुनाव अधिकारी आमोद त्यागी और उपाध्यक्ष हरितोष मोहन व मौहम्मद मोहतसिब को चुनाव अधिकारी राजीव शर्मा द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कुमार गौतम व सर्वेश कुमार जोशी को चुनाव अधिकारी सीताराम वर्मा, कोषाध्यक्ष शशी प्रभा को चुनाव अधिकारी तरुण गोयल, वरिष्ठतम उपाध्यक्ष निश्चल त्यागी को चुनाव अधिकारी आमोद त्यागी ने शपथ दिलाई। जिला बार संघ अध्यक्ष ठाकुर कंवरपाल सिंह को मुख्य चुनाव अधिकारी रौनक अली और महासचिव चंद्रवीर निर्वाल को चुनाव अधिकारी उदयवीर सिंह पोरिया ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, अनिल जिदंल, पूर्व महासचिव सुरेंद्र मलिक, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा, यशपाल सिंह, अंजुम खां, गुलबीर चौधरी, नीलम शर्मा, नकली सिंह त्यागी समेत बड़ी संख्या अधिवक्ता मौजूद रहे।

राष्ट्र सेविका समिति ने मनाया मकर संक्रान्ति का पर्व

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बुस.)। आज राष्ट्र सेविका समिति, जीजाबाई नगर की सेविकाओं ने बड़ी धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का पर्व जिसमें मुख्य वक्ता सीमा गोयल (सह जिला बौद्धिक प्रमुख) ने मकर संक्रांति का आध्यात्मिक व वैज्ञानिक महत्व बताते हुए, तिल, गुड़ दान, स्नान आदि का महत्व बताया और राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के विषय में विस्तार से बताया और उनके प्रेरक व्यक्तित्व से सीख लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि समिति के 5 उत्सव जिसमें से मकर संक्रांति समरसता का पर्व है, जिसमें किसी भी जाति का कोई भेदभाव नहीं होता सभी एक साथ बैठकर कार्यक्रम को करते हैं और खिचड़ी आदि का वितरण कर एक साथ प्रसाद लेते हैं। कार्यक्रम में गणगीत प्रस्तुत किया गया। राष्ट्र सेविका समिति की सह जिला कार्यवाह नीति अग्रवाल ने राष्ट्र सेविका समिति के संगठन के बारे में विस्तार से समझाया कि संघ

1936 से कार्य कर रहा है। आज देश विदेश में संघ सबसे बड़ा संगठन है। हमारी देश विदेश में बहुत अधिक संख्या में शाखाएं लगती हैं, जिसमें सभी बहने सेविकाएं बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती हैं। अन्नू अग्रवाल ने कार्यक्रम में सभी बहनों को अनुशासन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अनुशासन से आप अपने जीवन को सुदृढ़ बना सकती है। आज के इस कार्यक्रम में लगभग 40 सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम उपरांत रेवड़ी, मूंगफली प्रसाद के रूप में वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रीति, अंशु ,मीनाक्षी प्रेरणा, नीरू, नीरज मीनाक्षी, पूनम रोहला, वंदना, पूनम आदि ने कार्यक्रम को सुंदर बनाने में सहभागिता निभाई। उक्त कार्यक्रम श्री शाम श्याम मंदिर गांधीनगर में मनाया गया।

अवैध नशीले पदार्थ के साथ किया गिरफ्तार

शाहपुर, 15 जनवरी (बु.)। थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को करीब चार किग्रा अवैध नशीले पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने बताया कि हरसौली पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी क्षेत्र के खतौला मोड़ पर चैकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने स्कूटी सवार एक व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से चार किग्रा 418 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया। पुलिस आरोपी को लेकर थाने आई। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता राहुल पुत्र जमुना दास निवासी गांव नसीरपुर थाना बुढ़ाना हाल निवासी चरण सिंह कॉलोनी कस्बा व थाना बुढ़ाना बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर उसका चालान कर दिया।

महाकुंभ में विहिप लक्ष्मी नगर इकाई ने भेजा 100 कुंतल गुड़

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। विश्व हिंदू परिषद की ओर से महाकुंभ के संचालित शिविर में ट्रक द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर की गुड़ मंडी से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री जितेंद्र एवं प्रांत के सह गौ रक्षा प्रमुख ललित माहेश्वरी, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र, मंत्री सोनवीर द्वारा भगवा झंडी दिखा कर

प्रयागराज के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रांत सह मंत्री जितेंद्र जी ने कहा कि इस बार महाकुंभ में 144 वर्षों के बाद जो विशेष सहयोग कुंभ में बन रहा है इस बार महाकुंभ में देश-विदेश से 40 करोड़ से अधिक धर्म प्रेमी महाकुंभ में स्नान करने के लिए आने वाले हैं। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद का अपना दो माह तक शिविर चलेगा जिसमें एक लाख से अधिक लोग जहां प्रतिदिन भोजन करेंगे, जिसकी व्यवस्था को पूरे प्रांत से सामग्री का सहयोग किया गया है। इसी कड़ी में जिले में गुड़ की सबसे बड़ी मंडी होने के चलते यहां के लोगों द्वारा 100 कुंतल गुड़ इस शिविर में पहुंचाने का काम किया है, जिसके लिए उनका धन्यवाद। इस दौरान प्रांत धर्म यात्रा महासंघ के प्रमुख ओमवीर, संभाग संगठन मंत्री अनूप, जिला उपाध्यक्ष मोहित बंसल, संगठन मंत्री शुभम, धर्म जिला सामाजिक समरसता प्रमुख नितिन तायल, संगठन मंत्री एबीपी औजस आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- चाकू 1350-1575, लडडू 1500-1600, खुरपापाड़ 1400-1418, शक्कर 1540-1560, आमद- 2000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	80300	चांदी-	90800
सिक्का-	100050	गिन्नी-	60040

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 16 जनवरी, 2025

मेष- समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।

वृषभ- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

मिथुन- बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।

कर्क- ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।

सिंह- चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।

कन्या- समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।

तुला- लाभ का सुयोग, आर्थिक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।

वृश्चिक- योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।

धनु- भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धूमक गतिविधियों में रुचि।

मकर- व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।

कुम्भ- कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।

मीन- चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

भाविप संकल्प ने बांटी खिचड़ी

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बुस.)। भारत विकास परिषद संकल्प के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर्व पर तुलसी पार्क में खिचड़ी व गर्म चाय के प्रसाद का वितरण किया गया। सांस्कृतिक व सामाजिक

समरसता के प्रधान उत्सव पर गंगा प्रताप, बृजबाला व सुभाष गुप्ता, विभा व शिशुकांत गर्ग, रागिनी व डॉ. अजय गर्ग, अभिषेक जैन, नितिन गर्ग, डॉ. अमित मित्तल, लोकेश चन्द्र,नीरज अग्रवाल, डॉ. अमित मित्तल, अवनीश गोयल सचिव व कुलदीप कुमार गुप्ता अध्यक्ष ने सहभाग किया।

मीरापुर में धड़ल्ले से बिक रहा चाइनीज मांझा

मीरापुर, 15 जनवरी (बु.)। चाइनीज मांझे से देशभर में हो रहे हादसों के बाद चाइनीज मांझे पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी मीरापुर में चाइनीज मांझा धड़ल्ले से बिक रहा है। चाइनीज मांझे की चपेट में आकर हाल ही में बरेली, बदायूं, हरिद्वार व मेरठ में हुई मौतों के बाद प्रशासन चाइनीज मांझे के प्रयोग व बिक्री पर रोकथाम के लिए बेहद गंभीर है। कई जनपदों में चाइनीज मांझे की तलाश में पतंग विक्रेताओं में यहाँ तलाशी अभियान भी चलाया गया, किंतु इसके बावजूद भी मीरापुर में चाइनीज मांझा पतंग विक्रेताओं द्वारा बेखौफ होकर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। नागरिक ब्रजपाल चौधरी, पूर्व सभासद नरेश कौशिक, दीपक ठाकुर, भाजपा नेता अभिषेक गर्ग, अंकित वत्स, विनय शर्मा, रामकिशोर शर्मा, इरशाद मेवाती, आमिर खान, पवन रस्तौगी, गौरव भारती आदि ने चाइनीज मांझे की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

फूड सेफ्टी सचल प्रयोगशाला के द्वारा व्यापारियों व ग्राहकों को जागरूक किया

मीरापुर, 15 जनवरी (बु.)। मीरापुर में फूड सेफ्टी ऑन व्हील सचल खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य विभाग ने मिठाई विक्रेताओं व ग्राहकों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरुक किया तथा मौके पर करीब 15 प्रकार की मिठाइयों जांच की, जांच में लड्डू में रंग अधिक पाए जाने पर रंग कम करने के निर्देश दिए। देशभर में खाद्य सामग्री के सेवन से बीमार होने के सामने आ रहे मामलों के चलते खाद्य विभाग द्वारा मुहिम चलाकर लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को मीरापुर में खाद्य निरीक्षक वैभव शर्मा के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने फूड सेफ्टी ऑन व्हील सचल खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मिठाई विक्रेताओं व ग्राहकों व आम नागरिकों को जागरूक किया। टीम ने बस स्टैंड

के समीप सचल खाद्य प्रयोगशाला में दुकानों में साफ-सफाई रखने व खाद्य सामग्री बनाते समय विशेष सतर्कता रखे जाने के बारे में बताया। इस दौरान मीरापुर में नीलकंठ स्वीट्स, शर्मा स्वीट्स समेत करीब दस मिठाई विक्रेताओं की अलग- अलग प्रकार की मिठाई के सैम्पल चैक किये। जांच में एक मिठाई विक्रेता के लड्डू में रंग अधिक मिला, जिस पर खाद्य निरीक्षक ने उन्हें रंग की मात्रा सही करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई खरीदारों को भी उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। खाद्य निरीक्षक वैभव शर्मा ने बताया कि फूड सेफ्टी ऑन व्हील सचल खाद्य प्रयोगशाला के द्वारा मौके पर ही नमूनों की जांच की जाती है तथा मिठाई विक्रेताओं को उनकी कमियों के बारे में जानकारी देकर सुधार करने के निर्देश दिए जाते है। उन्होंने मिठाई विक्रेताओं से मिठाई में केवल खाद्य रंग ही प्रयोग करने को कहा।

आधार कार्ड बनवाने व आधार कार्ड में संशोधन न होने से जनता परेशान

जानसठ, 15 जनवरी (बु.)। आधार कार्ड में संशोधन व नये आधार कार्ड न बनने से क्षेत्र की जनता परेशान है। पूर्व प्रधान सहित दर्जनों लोगों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती-पत्र देकर आधार कार्ड बनवाने व संशोधन कराने की मांग की है। कस्बे व देहात क्षेत्र की जनता आधार कार्ड न बनने व संशोधन न होने से परेशान है। भलेड़ी ग्राम के पूर्व प्रधान अनुज कुमार के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने उप जिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार को एक शिकायती-पत्र देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि आदि योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें किसानों के आधार कार्ड व खतौनी से किसानों का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। अधिकांश लोगों के आधार कार्ड में नाम गलत, किसी में पता गलत व जन्मतिथि गलत दर्ज है। आधार कार्ड संशोधन कराने के लिए लोगों को आधार कार्ड सेंटर पर बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। कस्बे में भारतीय स्टेट बैंक, बीआरसी, डाकखाने पर आधार कार्ड सेंटर खुले हुए हैं, जब आधार कार्ड संशोधन कराने के लिए जाते हैं, तो कहा जाता है कि अभी साइट बंद चल रही है, लेकिन आधार कार्ड बनवाने व आधार कार्ड में संशोधन नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी हो रही है। पूर्व प्रधान सहित दर्जनों लोगों ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर आधार कार्ड बनाने व संशोधन करने जैसी उपरोक्त समस्या समाधान कराये जाने की मांग की है। इस दौरान सतीश कुमार प्रजापति, अनुज कुमार, सचिन कुमार मोनू आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए दर्जनों कार्यकर्ता हुए रवाना

शाहपुर, 15 जनवरी (बु.)। धार्मिक नगरी प्रयागराज में आयोजित होने वाले भाकियू के चिंतन शिविर में भाग लेने के रवाना हुए दर्जनों भाकियू कार्यकर्ताओं का धर्मपाल हॉस्पिटल पर भाकियू कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। धार्मिक नगरी प्रयागराज में संगम तट पर भाकियू के तीन दिवसीय आयोजित चिंतन शिविर में भाकियू के शाहपुर ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र बालियान व सोरम गांव के अध्यक्ष विकास बालियान के नेतृत्व में दर्जनों भाकियू कार्यकर्ता संगम तट पर जाने हेतु कस्बे के धर्मपाल हॉस्पिटल पर बुधवार को एकत्रित हुए। हॉस्पिटल के एमडी धर्मपाल सिंह व डॉ. लोकेंद्र बालियान, अरविन्द कुमार, मास्टर रामपाल सिंह आदि ने भाकियू कार्यकर्ताओं का फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें रेवड़ी, मूंगफली, चने आदि भेंट किए। भाकियू नेता विकास बालियान ने बताया कि इस बार भाकियू का वार्षिक चिंतन शिविर महाकुंभ मेले के दौरान पड़ रहा है। इस बार का महाकुंभ मेले के चिंतन शिविर में भाग लेने के साथ सनातनी भाई कुंभ स्नान कर धार्मिक लाभ ले सकेंगे। इस अवसर पर रतन सिंह, कुक्की, रोहतास, अखलाक, सतपाल, गुड्डू , आशीष, ओमवीर, गौरव, अंकित, विनोद, यशपाल, भूपेंद्र सिंह, देशपाल सिंह, मांगेराम व योगेंद्र सिंह आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कुंभ नगरी हेतु प्रस्थान किया।

नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

सिखेड़ा, 15 जनवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव धंधेडा में मंगलवार को अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट द्वारा डॉ. योगेन्द्र प्रजापति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसका शुभारंभ अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने फीता काटकर किया। इस दौरान मोहन प्रजापति ने कहा कि अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह प्रजापति की मुहिम अंधकार से प्रकाश की ओर को डॉ. योगेन्द्र सिंह प्रजापति द्वारा आगे बढ़ाकर नेत्र हीन लोगों के लिए दर्जनों शिविर लगाए जा चुके है। वह इस मुहिम से नेत्रहीन लोगों के जीवन में प्रकाश भर रहे हैं। उनके द्वारा गरीब, असहाय, मजदूर लोगों के लिए की जा रही सेवा सराहनीय है। इस मुहिम से हजारों नेत्रहीन लोगों के जीवन में प्रकाश आ चुका है। डॉ. योगेन्द्र प्रजापति ने बताया कि शिविर में अनुभवी डॉक्टरों द्वारा जांच के लिए आये मरीजों की जाँच की गई, जिसमें दर्जनों मरीज मोतियाबिंद के पाए गए, जिनको बस द्वारा देहरादून भेज कर निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जायेगा। मरीजों की दवाई, खाना-पीना ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क मुहैया कराया जाएगा। इस दौरान अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र पाल एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वालिया, उपाध्यक्ष शाहिद झोझा, डॉ. राजवीर प्रजापति, डॉ. इकबाल, गीता कश्यप समाजसेवी, डॉ. सागर, डॉ. विनीत, डॉ. पीयूष, आयुष प्रजापति उपस्थित रहे।

छात्रों को पेपर मिल का कराया भ्रमण

जानसठ, 15 जनवरी (बु.)। कस्बे के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एंबिएंस एकेडमी के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में स्थित बिंदल पेपर मिल का भ्रमण कराया गया। एंबिएंस एकेडमी के भारतीय मानक ब्यूरो के मानक क्लब के छात्र छात्राओं की टीम की बस को प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मिल के मैनेजिंग डायरेक्टर मयंक बिंदल ने बच्चों को पेपर के निर्माण के विषय में समझा कर जानकारी प्रदान की। अध्यापक गुलरेज और प्रीति ने छात्रों को तय किए गए मानक और लैब टेस्टिंग के तरीके बताएं। पूनम ने बताया कि पेपर निर्माण के साथ-साथ हॉल मार्क व मिल में तैयार उत्पाद की सरकार द्वारा समय-समय पर गुणवत्ता व आईएसआई मार्क की टेस्टिंग होती रहती है। विद्यालय के प्रबंधक भावेश गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार का भ्रमण छात्रों को संपूर्ण जानकारी के साथ-साथ उनके जीवन में विकास करता है। छात्र इस प्रकार के भ्रमण से बहुत उत्साहित थे। उनके अंदर नया जानने की जिज्ञासा थी। उनके जीवन का यह पहला अनुभव रहा। कार्यक्रम में शिक्षिका प्रीति, गुलरेज तथा विशाल व जिला समन्वयक राजीव वर्मा आदि ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

ज्ञानस्थली में कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन हुआ

मीरापुर, 15 जनवरी (बु.)। कस्बे के ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में कक्षा-11 व 12 के छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में

छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर बनाने की महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। ज्ञानस्थली में आयोजित कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला में मेरठ से पधारे डॉक्टर शलभ मल्होत्रा ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा पूरी होने के बाद कैरियर के संबंध में लिए गए निर्णय से हमारे भविष्य का निर्धारण होता है। हमें अपनी रूचि कुशलता एवं दक्षता का सही आंकलन करते हुए कैरियर का चयन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अच्छी कंपनियों में जगह बनाने के लिए हमें पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। इस दौरान मेरठ की शोभित यूनिवर्सिटी के बायो मेडिकल विभाग के डॉक्टर मनोज शर्मा व अजय वर्मा ने बच्चों को इंजीनियरिंग, लॉ एजुकेशन, एग्रीकल्चर, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, मनोविज्ञान, प्रबंधन, रिसर्च व अन्य महत्वपूर्ण विषयों में व्याप्त विभिन्न कैरियर संबंधी जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य दीपक धीमान ने बच्चों को अपने भविष्य के प्रति सजग रहकर अपने अंदर कौशल का विकास करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

भारत सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को विनियमित करने और अवैध गेमिंग को रोकने के लिए, और गेमिंग क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

भारत सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को विनियमित करने और अवैध गेमिंग को रोकने के लिए, और गेमिंग क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

डीजीजीआई को विशेष शक्तियाँ प्रदानः

1. अवैध ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइटों को ब्लॉक करने की शक्ति
2. जीएसटी चोरी की जांच करने की शक्ति
3. ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की निगरानी करने की शक्ति

गेम एडिक्शन को नियंत्रित करने के लिए-

1. राष्ट्रीय गेमिंग नीति बनाने की योजना।
2. ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए दिशा-निर्देश।
3. गेम एडिक्शन के लिए समर्थन सेवाएं।

गेम्स का शिक्षा में उपयोग-

1. एडुटेनमेंट
2. इंटरैक्टिव लर्निंग
3. वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान

इन कदमों से ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को विनियमित करने और अवैध गेमिंग को रोकने में मदद मिलेगी, साथ ही गेम्स का शिक्षा में उपयोग करके हम उन्हें अधिक अर्थपूर्ण और उपयोगी बना सकते हैं।

"जैसा कि आप जानते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में युवाओं से भारत की गेमिंग क्षमता को पहचानने और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाने का आग्रह किया है। उनका यह आग्रह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि विश्व गेमिंग उद्योग एक बड़ा और तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है, जिसका मूल्य 3 अरब डॉलर से अधिक है।

भारत में गेमिंग उद्योग की स्थिति-

भारत में गेमिंग उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी हमें इस क्षेत्र में बहुत कुछ हासिल करना है। वर्तमान में, भारत का गेमिंग उद्योग विश्व गेमिंग उद्योग में केवल 2% हिस्सेदारी रखता है, जबकि चीन 20% और अमेरिका 22% हिस्सेदारी रखता है। यह दर्शाता है कि भारत में गेमिंग उद्योग में बहुत सारे अवसर हैं, जिन्हें हमें पहचानना और उनका लाभ उठाना होगा।

माता-पिता के लिए एक संदेश-

आजकल, कई माता-पिता अपने बच्चों के लिए एक अच्छा और सुरक्षित करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। लेकिन अक्सर, वे गेमिंग उद्योग को एक विकल्प के रूप में नहीं देखते हैं। उनका मानना है कि गेमिंग एक समय बर्बाद करने वाली गतिविधि है, जो उनके बच्चों के भविष्य के लिए हानिकारक हो सकती है। लेकिन यह सच नहीं है। गेमिंग उद्योग में करियर बनाने के लिए, आपको कंप्यूटर साइंस में गेम डेवलपमेंट में डिग्री प्राप्त करनी होगी। इस डिग्री के ब

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

राजनैतिक व्यस्तता और आध्यात्म

राजकाज भी सुचारु चलें और आध्यात्म के पथ पर भी प्रकाश रहे, उत्तर प्रदेश सरकार और कई राज्य सरकारें तथा केन्द्र सरकार इसी सूत्र पर चल रही हैं। महाकुम्भ के प्रथम अमृत स्नान को लेकर श्रद्धालु और साधुओं के अखाड़े राज्य और केन्द्र दोनों ही सरकारों की प्रशंसा कर रहे हैं। प्रयागराज में सभी की जबान पर योगी-योगी और मोदी-मोदी ही है।योगी राज्य के अन्य कामों के साथ-साथ प्रयागराज महाकुम्भ पर भी दृष्टि रखे हुए हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, राजनैतिक व्यस्तता के बीच आध्यात्म के लिए भी समय निकाल रहे हैं। कल उन्होंने मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी लड़ाकू जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को जलावतरण के बाद राष्ट्र को समर्पित किया और साथ ही नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाये जाने के निर्देश दिए हैं। कल शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीते तीन दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पर 6 करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में व्यवस्थाओं को और उत्कृष्ट करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुम्भ स्पेशल ट्रेनों का समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित और विशेष ट्रेनों का संचालन लगातार किया जाता रहे। सीएम योगी ने कहा श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इनकी संख्या को बढ़ाया जाना चाहिए। मुख्यमन्त्री ने मेला क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की जरूरत भी बताई, साथ ही बसों, शटल बसों और इलेक्ट्रिक बसों का संचालन लगातार कराए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शौचालयों की नियमित सफाई की जाए, घाटों की बेरिकेटिंग हो और सभी सेक्टरों में हर समय बिजली और पेयजल आपूर्ति की जानी चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सचिव गृह व सूचना, प्रमुख सचिव नगर विकास, चेयरमैन पॉवर कॉर्पोरेशन और निदेशक सूचना सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थिति रही। महाकुंभ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने विशेष प्रबंध किया है। वहाँ चल रहे भोजनालयों में भोजन की गुणवत्ता पर भी दृष्टि रखी जा रही है। महाकुंभ को लेकर कुछ नेताओं की अंट शंट बयान बाजी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। भारतीय नौसेना के युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को नौसेना में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में बल में शामिल किया गया। प्रधानमन्त्री ने नौसेना में तीनों बड़े युद्धपोतों के शामिल होने को एक ऐतिहासिक अवसर करार दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति बन रहा है। भारत को विश्व में विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक विश्वसनीय और जिम्मेदार साझेदार के रूप में मान्यता मिल रही है। भारत विस्तारवाद के लिए नहीं, विकास के लिए काम कर रहा है। भारत ने हमेशा एक मुक्त, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। ये पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है। गर्व की बात कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, भारत विकासवाद की भावना से काम करता है। 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, ये देश की प्राथमिकताओं में से एक है। जल हो, थल हो, नभ हो, समुद्र की गहराई हो या फिर असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर रिफॉर्म किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल अनेक बड़े निर्णयों के साथ शुरू हुआ है। तेज गति से हमने नई नीतियां बनाई हैं, देश की जरूरतों को देखते हुए हमने नए कार्य शुरू किए हैं, देश के हर कोने, हर सेक्टर का विकास हो, इस लक्ष्य के साथ हम चल रहे हैं। भारत वैश्विक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक परिदृश्य को दिशा देने में प्रमुख भूमिका निबाहने जा रहा है। आईएनएस सूरत 15 बी श्रेणी के गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा और अंतिम जहाज है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे परिष्कृत विध्वंसक जहाजों में शुमार है। इसमें 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है। आईएनएस नीलगिरी 17ए स्टील्थ फ्रिगेट प्रोजेक्ट का पहला जहाज है। इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। आईएनएस वाघशीर पी 75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल ही नवी मुंबई के खारघर में नवनिर्मित इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमन्त्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमन्त्री एकनाथ शिंदे, भाजपा सांसद हेमा मालिनी सहित अन्य दिग्गज नेता मौजूद रहे। मंदिर के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने आए भक्तों को पीएम मोदी ने संबोधित भी किया। पीएम मोदी ने कहा ज्ञान और भक्ति से समृद्ध इस भूमि पर प्रसिद्ध इस्कॉन द्वारा श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया जा रहा है। इस दिव्य समारोह में भाग लेकर मैं स्वयं धन्य हो गया हूं। यह मंदिर ईश्वर की विभिन्न अभिव्यक्तियों की एक झलक प्रदान करता है, जो आध्यात्मिक ज्ञान और ज्ञान की व्यापक परंपरा का प्रतीक है। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा मुझे विश्वास है कि यह मंदिर एक पवित्र केंद्र बनेगा, जो हमारी आस्था के साथ-साथ हमारे राष्ट्र की चेतना को भी समृद्ध करेगा।

चार मोती

सुनील उत्सव

'राजनीति' 'नतीजा' 'दिल्ली' 'आपदा'

आप दोनों राजनीति के लिए बिल्कुल नहीं,
कैसे निकलेगा नतीजा, आप निकले आपदा।
देखकर दोनों को ये दिल्ली की जनता कह रही,
आपको समझा मसीहा,आप निकले आपदा।

श्रद्धांजलि सभा व रस्म तेरहवीं

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयंत्यापो न शोषयति मारूतः।।

मान्यवर,
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
श्रीमती वीना कच्छल पत्नी श्री सतेन्द्र प्रकाश कच्छल (PNB वाले)
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके 06 जनवरी 2025 को प्रभु के
श्री चरणों में विलीन हो गई हैं।
जिनकी रस्म तेरहवीं आज दिनांक 16 जनवरी 2025, दिन- बृहस्पतिवार को
होनी निश्चित हुई है।
बृहस्पतिवार, दिनांक 16 जनवरी 2025
हवन 10:00 बजे प्रातः
ब्रह्मभोज 12:00 बजे दोपहर
रस्म तेरहवीं 2:00 बजे अपराह्न
स्थानः दर्पण बैंकट हॉल, लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)
शोकाकुल परिवार
सतेन्द्र प्रकाश कच्छल (पति)
राज- बिजेन्द्र प्रकाश कच्छल (जेठानी-जेठ)
अंशु-राकेश कुमार कच्छल (देवरानी-देवर)
प्रेरणा-प्रदीप कुमार कच्छल (देवरानी-देवर)
दीप्ती-आशीष कच्छल (पुत्रवधु-पुत्र)
नेहा- अभिषेक कच्छल (पुत्रवधु-पुत्र)
राजीव कच्छल, संजीव कच्छल (भतीजे)
सचिन कच्छल, रजत कच्छल (भतीजे)
पराग कच्छल, अमन कच्छल (भतीजे)
अगम कच्छल (भतीजा)
प्रणव कच्छल, शुभ कच्छल (पौत्र)
ईना कच्छल (भतीजी), गौरी कच्छल (पौत्री)
एवं समस्त कच्छल परिवार
प्रतिष्ठानः-
G.P.S कनेक्शन प्राईवेट लिमिटेड
अभिषेक टेलीकॉम- दुकान नं. 5, नियर श्याम सीमेंट, अपोजिट ICICI बैंक, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
प्रणव इन्टरप्राइजेज - 60/184, लक्ष्मण विहार, मुजफ्फरनगर
संपर्क सूत्रः- 9927060755,9719342226

कोर्ट रोड पर पेस्टीसाइड की दुकानों पर छापेमारी, मचा हड़कंप

- टीम ने 9 पेस्टीसाइड एवं 12 कीटनाशी नमूने किए जब्त - कई दुकानदार टीम को देख अपनी दुकानें छोड़ हुए फुर्र - शटर गिरने की घटना पर होगी फर्मों पर नोटिस की कार्रवाई

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में बीते 3 दिनों से जारी बीज, पेस्टीसाइड व फर्टिलाइजर की दुकानों पर छापेमारी बुधवार को भी जारी रही। इस बीच भारत सरकार की ओर से गठित टीम ने नगर के कोर्ट रोड पर दर्जनों पेस्टीसाइड और बीज की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस बीच कार्रवाई के डर से बाजार में मची हड़बड़ी में कई दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के शटर गिराकर दुकानों को छोड़ भाग खड़े हुए। विभागीय टीम ने पांच निर्माता इकाईयों का निरीक्षण करते हुए 9 पेस्टीसाइड के नमूने जब्त किए। वहीं कोर्ट रोड पर फुटकर पेस्टीसाइड व बीज विक्रेताओं के यहां से 12 कीटनाशी नमूने लेने के साथ उन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भी भेजा। टीम की उक्त कार्रवाई के दौरान बाजारों में हड़कंप मचा रहा। बुधवार को भारत सरकार द्वारा गठित कृषि विभाग अधिकारियों की टीम ने नगर के कोर्ट रोड पर स्थित एक दर्जन

पेस्टीसाइड एवं बीज के प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। इस दौरान फरीदाबाद के कृषि रक्षा अधिकारी लक्ष्मी चन्द दीक्षित के नेतृत्व में सहारनपुर मंडल की कृषि रक्षा उप निदेशक शिप्रा एवं मुजफ्फरनगर के जिला कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र सिंह एवं प्रधान सहायक देवेन्द्र कुमार के विभागीय कर्मचारियों के साथ छापेमारी की। इस टीम ने बुधवार को नगर मुख्यालय पर कोर्ट रोड पर कई दुकानों पर छापेमारी को अंजाम दिया। इस दौरान दुकानों पर अधिकारियों ने दस्तावेजों की जांच करने के साथ पेस्टीसाइड के कई नमूने जब्त करते हुए उन्हें जांच के लिए भेजा गया। इस बीच कोर्ट रोड पर छापेमारी में कार्रवाई के डर से दुकानदार छापे के बीच में दुकान छोड़कर भाग गए, वहीं बड़ी संख्या में दुकानों के क्षेत्र में शटर गिर जाने से वहां पर हड़कंप सा मच गया। ऐसे में वहां से गुजरने वाले लोग दुकानों के एकाएक बंद होने का एक दूसरे से कारण पूछते दिखाई दिए।

इन्होंने कहा....

जिला कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र सिंह ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर जनपद में बीते 3 दिनों से पेस्टीसाइड व बीज की दुकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बीच टीम ने बुधवार को नगर क्षेत्र में 5 निर्माता इकाईयों का निरीक्षण करते हुए 9 पेस्टीसाइड के नमूने जब्त किए। वहीं फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों से इस बीच 12 कीटनाशी नमूने ग्रहित करते हुए उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जिनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो दुकानें इस बीच बंद मिली, उन्हें भी अब नोटिस जारी किए जाएंगे। शासन के आदेश पर जनपद में संचालित पेस्टीसाइड और फर्टिलाइजर की दुकानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

डीएम उमेश मिश्रा ने किया उन्नतिशील किसान को सम्मानित

- डीएम ने प्राकृतिक खेती से अन्य किसानों को जोड़ने के लिए किया प्रेरित

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने आज जनपद के विकास खण्ड सदर के ग्राम रई निवासी कृषक विक्रान्त शर्मा पुत्र अनिरूद्ध शर्मा को कलेक्ट्रेट कक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम उमेश मिश्रा ने कृषक का उत्साह वर्धन करते हुए सुझाव दिया कि वह कम-कम से 100 कृषकों को भविष्य में प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक करें, ताकि आने वाले दिनों में

जनपद में खेती उद्योग का दर्जा प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ सके। किसान विक्रान्त शर्मा ने बीते दो वर्षों से जनपद में प्राकृतिक खेती एवं वर्मी कम्पोस्ट का कार्य किया जा रहा है। विक्रान्त शर्मा प्रतिवर्ष 350 कुंतल गन्ना, 25 कुंतल सरसों, 06 कुंतल मसूर, 22 कुंतल गेहूं एवं 300 कुंतल वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे इन्हें लगभग 4 लाख रुपए का प्रतिवर्ष लाभ प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त किसान विक्रान्त शर्मा एक एकड़ में नीबू की बागवानी की जा रही है, जिससे इनको लगभग 60 हजार रुपए प्रतिवर्ष का लाभ प्राप्त हो रहा है।

किसानों के बिना नहीं दिखा किसान दिवस में कोई उत्साह

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। जिला पंचायत सभागार में किसानों की समस्याओं के निदान को आयोजित किसान दिवस बिना किसानों की मौजूदगी के औपचारिकता बन कर रह गया। इस बीच अधिकारियों से कम पहुंचे फरियादियों को जिला पंचायत सभागार में समस्याओं को सुनने के साथ शासन की ओर से शुरू योजनाओं की जानकारी दी गई। किसान दिवस में पहली बार किसानों की कम उपस्थिति को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं होती

रही। प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाला किसान दिवस दोपहर 12:30 बजे से किसानों के यहां पर न पहुंच पाने से औपचारिकता तक ही सिमट कर रह गया। इस बीच एसडीएम मुख्यालय संजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुए किसान दिवस में कृषकों को गत किसान दिवस की शिकायतों के निस्तारण की जानकारी देने के साथ कृषकों को कृषि एवं कृषि से जुड़े विभागों की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान एसडीएम मुख्यालय संजय सिंह ने तमाम अधिकारियों को स्वयं संज्ञान लेकर शिकायतों का समय से निस्तारण कराने के निर्देशित किया तथा निस्तारण आख्या की प्रति जन शिकायत मोबाईल ऐप पर अपलोड करने व हार्ड कापी उप कृषि निदेशक कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

दुनिया की बड़ी समुद्री ताकत बन रहा है भारतः मोदी

मुंबई 15 जनवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि तीन अत्याधुनिक और प्रमुख प्लेटफार्म का एक ही दिन नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाना मजबूत तथा आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र के निर्माण तथा नौसेना को 21 वीं सदी के अनुरूप सशक्त बनाने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। श्री मोदी ने बुधवार को यहां नौसेना डॉकयार्ड में तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों - आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को नौसेना के बेड़े में शामिल किये जाने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी की नौसेना को सशक्त बनाने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं और आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा , ''यह पहली बार हो रहा है जब एक डिस्ट्रायर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है और सबसे गर्व की बात है कि ये तीनों ही प्रमुख प्लेटफार्म मेड इन इंडिया हैं। आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है। ''उन्होंने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा , ''भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। भारत ने हमेशा खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। भारत पूरे हिन्द महासागर क्षेत्र में पहले मदद का हाथ बढ़ाने वाले देश के रूप में उभरा है। जल हो, थल हो , नभ हो या गहरा समुद्र या असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। '' प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारत में नौसेना को एक नई ताकत और दृष्टि दी। उन्होंने कहा कि आज सरकार ने शिवाजी महाराज की भूमि पर 21वीं सदी की भारतीय नौसेना को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। श्री मोदी ने कहा, ''आज का कार्यक्रम हमारी गौरवशाली विरासत को हमारी भविष्य की आकांक्षाओं से जोड़ता है।'' उन्होंने कहा कि भारत का लंबी समुद्री यात्राओं, वाणिज्य, नौसेना रक्षा और जहाज उद्योग से जुड़ा एक समृद्ध इतिहास है। इस समृद्ध इतिहास से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने कहा कि आज का भारत दुनिया में एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है।

उन्होंने कहा कि आज लॉन्च किए गए प्लेटफॉर्म उसी की एक झलक दिखाते हैं। प्रधानमंत्री ने चोल वंश की समुद्री शक्ति को समर्पित आईएनएस नीलगिरि और सूरत युद्धपोत सहित नए प्लेटफामों के लॉन्च का उल्लेख किया, जो उस युग की याद दिलाता है जब गुजरात के बंदरगाह भारत को पश्चिम एशिया से जोड़ते थे। उन्होंने कुछ साल पहले पहली पनडुब्बी कलवरी के कमीशन के बाद पी 75 श्रेणी की छठी वाग्शीर पनडुब्बी के कमीशन का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नए प्लेटफॉर्म भारत की सुरक्षा और प्रगति दोनों को बढ़ाएंगे। वैश्विक सुरक्षा, अर्थशास्त्र और भू-राजनीतिक गतिशीलता को आकार देने में भारत जैसे समुद्री राष्ट्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए, प्रधान मंत्री ने आर्थिक प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा के लिए क्षेत्रीय समुद्री सीमा की रक्षा, नेविगेशन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने और व्यापार आपूर्ति लाइनों और समुद्री मार्गों को सुरक्षित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्षेत्र को आतंकवाद, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी से बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

श्री मोदी ने समुद्र को सुरक्षित , समृद्ध बनाने, रसद दक्षता बढ़ाने और शिपिग उद्योग का समर्थन करने में वैश्विक भागीदार बनने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने दुर्लभ खनिजों और मछली स्टॉक जैसे समुद्री संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने और उन्हें प्रबंधित करने की क्षमता विकसित करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। नए शिपिग मार्गों और संचार के समुद्री मार्गों में निवेश के महत्व को ध्यान में रखते हुए और इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि भारत इस दिशा में लगातार कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में, भारतीय नौसेना ने सैकड़ों लोगों की जान बचाई है और हजारों करोड़ रुपये के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्गो को सुरक्षित किया है, जिससे भारत, भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल में वैश्विक विश्वास बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने आसियान, ऑस्ट्रेलिया, खाड़ी देशों और अफ्रीकी देशों के साथ भारत के आर्थिक सहयोग को मजबूत करने पर प्रकाश डाला, इसका श्रेय हिद महासागर क्षेत्र में भारत की उपस्थिति और क्षमताओं को दिया।

उन्होंने सैन्य और आर्थिक दोनों दृष्टिकोणों से आज के आयोजन के दोहरे महत्व पर जोर दिया। इक्कसवीं सदी में भारत की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने और आधुनिक बनाने के महत्व पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा, '' चाहे वह जमीन हो, पानी हो, हवा हो, गहरा समुद्र हो या अनंत अंतरिक्ष हो, भारत हर जगह अपने हितों की रक्षा कर रहा है''।

मथुरा में फर्जी मार्कशीट डिग्री बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

मथुरा, 15 जनवरी (वार्ता)। मथुरा में कोतवाली पुलिस ने विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक बोर्ड , विश्वविद्यालयों की फर्जी मार्कशीट, टीसी और अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के सरगना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कई फर्जी मार्कशीट, टीसी तथा अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ साथ इसके लिए प्रयोग किये जा रहे अन्य इलैक्ट्रानिक उपकरण भी बरामद किये गये है। गिरोह प्रतियोगी परीक्षाओं में सक्रिय होकर युवकों को इस प्रकार के फर्जी प्रमाण पात्र भारी रकम लेकर बेंचता है। आश्चर्य की बात यह है कि इस फर्जीबाड़ा में संबंधित विश्वविद्यालय को भी रकम दी जाती है। डीआईजी/एसएसपी शैलेश पांड़े ने आज पत्रकारों को बताया कि कोतवाली पुलिस

टीम ने गिरोह के सरगना मनीष प्रताप सिह उर्फ माँगेराम,मुकेश ,सुरेश चन्द्र , ऋषि और रामप्रकाश गौतम को बजरंग धर्मकांटा के पास बने मकान से गिरफ्तार किया जबकि मौके से इनका एक अन्य साथी विक्रम सिह भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की शहर में फर्जी मार्कशीट,डिग्री आदि बनाने वाले गिरोह का एक सदस्य गोवर्धन चैराहे पर किसी ग्राहक की तलाश में खड़ा है इस सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा गोवर्धन चौराहे से शातिर मुकेश को गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से दो फर्जी मार्कशीट व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने मुकेश से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका फर्जी मार्कशीट बनाने का गिरोह है उन्होंने बजरंग धर्मकांटा के पास एक निजी मकान किराये पर ले रखा है जिसमें पूरा फर्जी मार्कशीट बनाने का सेटप लगा रखा है । इसके बाद कोतवाली पुलिस ने बजरंग धर्मकांटा के पास बने मकान में छापा मारा और मौके से अन्य चार को पकड़ लिया। गैंग एक फर्जी मार्कशीट या सार्टीफिकेट अथवा विभिन्न विश्वविद्यालयों की डिग्री बनाने के लिए के लिए 5,000 से 45,000 तक की रकम वसूलता है जिसका आधा हिस्सा ये लोग संबंधित यूनिवर्सिटी को भी देते हैं।

रेलवे स्टेशन से प्रयागराज के लिए रवाना हुए भाकियू कार्यकर्ता

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की जिला इकाई से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बुधवार देर सायं प्रयागराज राष्ट्रीय अधिवेशन चिंतन शिविर के लिए रवाना हुए। रेलवे स्टेशन पर इस बीच किसानों व कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए किसान एकता का परिचय दिया। भारतीय किसान यूनियन द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रयागराज में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए भारतीय किसान यूनियन के ट्रेन के माध्यम से रवाना होती है। इस कड़ी में बुधवार को सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी के साथ मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन से देहरादून बांद्रा एक्सप्रेस से रवाना हुए। मीडिया प्रभारी चौ. शक्ति सिंह ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई को नौचंदी एक्सप्रेस से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करना था, लेकिन मौसम की खराबी के चलते नौचंदी एक्सप्रेस के लगभग 5 घंटे विलंब से होने के कारण सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष चौधरी नवीन राठी के साथ देहरादून बांद्रा एक्सप्रेस से रवाना हो गए। इसके अलावा जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता

खतौली व मंसूरपुर रेलवे स्टेशन पर नौचंदी एक्सप्रेस की इंतजार में रुके हुए हैं, जो नौचंदी एक्सप्रेस द्वारा ही प्रयागराज के लिए देर रात्रि में रवाना हुए।

जन समस्याओं पर तत्काल हो कार्रवाई : योगी

गोरखपुर, 15 जनवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि अधिकारी जन समस्यायों पर तत्काल कार्रवाई करें। गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को

भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री का बुधवार सुबह की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन.पूजन किया और अपने गुरु ब्रत्म्लीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद वह मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए गोवंश के रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने कई गोवंश खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

Sunrise Public Sr. Sec. School
Affiliated to CBSE
Requires Following Faculties
PGT - All Subjects
PRT- All Subjects
TGT - All Subjects
Music/ Dance/ Art Teacher
Qualified as per CBSE norms, fluent in English, Computer knowledge
Female candidates preferred
Salary negotiable
Interested candidates may send their brief Bio-data within 7 days to school email
Email - sunrisepublicschoolbudhana@gmail.com
Address:- Yogpura Road Budhana, Muzaffarnagar
Contact - 8476967172, 9557809494

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता
कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो।
साक्षात्कार का समयः-
प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक
दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन
224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया

नयी दिल्ली 15 जनवरी (वार्ता)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने बुधवार को नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। श्री केजरीवाल ने नामांकन दाखिल करने के बाद लोगों से काम करने वाली पार्टी को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि एक तरफ़ काम करने वाली पार्टी है और दूसरी तरफ़ गाली देने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि हम पिछले दस साल के अपने काम और आगे पाँच साल क्या करेंगे, उस पर चुनाव लड़ रहे हैं। आप नेता ने नामांकन के लिए निकलने से पहले पत्रकारों से कहा कि नई दिल्ली विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करने जा रहा हूं। पूरे दिल्ली के कोने-कोने से माताएं-बहनें यहां जमा हुई हैं। यह सभी मेरे साथ नामांकन करने जाएंगी। उन्होंने कहा कि सभी लोग जहां-जहां पर हैं, वहीं से शुभकामनाएं और आशीर्वाद भेजे ताकि इस बार भी ऐतिहासिक जीत हो। उसके बाद पैदल चलाकर जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन किया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सभी 70 सीटों पर एक चरण में पाँच फरवरी को वोट डाले जाएंगे, जबकि आठ फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

अवैध

अरविन्द केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी; शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की हरी झंडी

नई दिल्ली, 15 जनवरी (एजेंसी)। शराब घोटाले मामले में गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है। इससे पहले बीते साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि लोकसेवक के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए प्राधिकरण से मंजूरी लेनी होगी। ईडी ने शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को मास्टरमाइंड और किंगपिन बताया था। संघीय एजेंसी ने केजरीवाल को पिछले साल मार्च में गिरफ्तार करने के बाद यहां विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। इस मामले में फिलहाल जमानत पर बाहर केजरीवाल यहां नयी दिल्ली सीट से दिल्ली का विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय (एमएचए) ने हाल में दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल पर धन शोधन निरोधक कानून के तहत मुकदमा चलाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को आवश्यक मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल के माध्यम से एजेंसी द्वारा यह अनुरोध किया गया था और इस अनुरोध को मंजूरी देने के लिए मंत्रालय सक्षम प्राधिकार है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित अन्य आरोपी लोक सेवकों के लिए भी इसी प्रकार की मंजूरी प्राप्त की गई है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब पांच फरवरी को दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। एजेंसी अब उन सभी आरोपी नेताओं, मंत्रियों और नौकरशाहों के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 197(1) के तहत मंजूरी मांग रही है, जिनके खिलाफ उसने मामला दर्ज किया है। यह निर्णय उच्चतम न्यायालय के नवंबर 2024 के उस फैसले के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि ईडी को भी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की तर्ज पर इस तरह की प्रक्रिया अपनानी होगी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मंजूरी दे दी है। संघीय एजेंसी ने केजरीवाल (56) को पिछले साल मार्च में गिरफ्तार करने के बाद विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब पांच फरवरी को दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

दिल्ली में फिर ग्रैप-4 लागू: प्रदूषण बढ़ने से लिया गया निर्णय

नई दिल्ली, 15 जनवरी (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर में बढ़े वायु प्रदूषण के चलते ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। इसके तहत राजमार्गों, सड़कों, फ्लाईओवरों, बिजली लाइनों, पाइपलाइनों व सार्वजनिक परियोजनाओं समेत सभी निर्माण गतिविधियों पर पाबंदी रहेगी। इलेक्ट्रिक, सीएनजी व बीएस-4 डीजल वाहनों को छोड़कर, दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर-जरूरी हल्के वाणिज्यिक वाहनों पर भी प्रतिबंध रहेगा। कारखानों, निर्माण कार्यों यातायात पर कड़ी पाबंदियां रहेगी। दिल्ली में ट्रक लोडर समेत अन्य भारी वाहनों को प्रवेश नही मिलेगा। सभी तरह के निर्माण और तोड़फोड़ कामों पर प्रतिबंध रहेगा। कच्ची सड़कों पर वहां आवागमन निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों पर रोक रहेगी। खुले में कचरा जलाने पर रोक रहेगी, पॉलीथिन और प्रदूषणकारी पदार्थों का उपयोग भी प्रतिबंधित रहता है। मौसम विभाग ने बताया कि भारतीय समयानुसार आज यानि बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे सफदरजंग इलाके में मध्यम कोहरे के साथ हवा शांत रही। वहीं जबकि न्यूनतम दृश्यता 200 मीटर और पालम में न्यूनतम दृश्यता 150 मीटर दर्ज की गई।

खाद्य विभाग की टीम ने भाजपा नेता की किरयाना दुकान समेत दो दुकानों पर छापेमारी कर सैम्पल भरे

मीरापुर, 15 जनवरी (बु.)। कस्बे में खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर भाजपा नेता की किरयाना की दुकान समेत दो दुकानों से सैम्पल भरकर नमूने जांच को भेज दिए। छापे की सूचना पर कस्बे की अधिकांश दुकाने बंद हो गई। मीरापुर के मौहल्ला गंगा भवन निवासी भाजपा नेता राजेन्द्र रस्तौगी की मीरापुर के मदान चौक पर मैसर्स प्रभात कुमार ओमप्रकाश किरयाना स्टोर के नाम से दुकान है। बुधवार को खाद्य निरीक्षक वैभव शर्मा ने टीम के साथ भाजपा नेता राजेन्द्र रस्तौगी की किरयाना की दुकान पर पहुँचकर यहाँ बिकने वाली खाद्य सामग्री की जांच की तथा जांच के लिए यहां से चाय की पत्ती व कॉफी के नमूने लिए। इसके बाद खाद्य विभाग की टीम कुछ ही दूरी पर स्थित व्यापारी मोहित लखोटिया की मोहित किरयाना स्टोर पर पहुँची तथा खाद्य निरीक्षक वैभव शर्मा ने यहाँ से बेसन का नमूना लिया तथा जांच के लिए बेसन के सैम्पल को सील कर साथ ले गए। खाद्य विभाग की टीम की दुकानों पर छापे की सूचना बाजार में फैलते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया तथा अधिकांश परचून व्यापारियों व मिठाई विक्रेताओं ने धड़ाधड़ अपनी दुकानें बंद कर दी। खाद्य निरीक्षक वैभव शर्मा ने बताया कि दो दुकानों से चाय की पत्ती, कॉफी व बेसन के नमूने लिए गए हैं, जिन्हें जाँच के लिए लैब में भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

मीरापुर में किरयाना की दुकान से सैम्पल लेते खाद्य निरीक्षक

परचून व्यापारियों पर लग रहे सवालिया निशान

मीरापुर, 15 जनवरी (बु.)। कस्बे में खाद्य सामग्री की बिक्री करने वाले अधिकांश दुकानदारों पर नागरिक सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। कुछ नागरिकों का कहना है कि जब बाजार में परचून विक्रेता उत्तम क्वालिटी की खाद्य सामग्री बेच रहे हैं, तो खाद्य विभाग की टीम आते ही दुकानें क्यों बन्द हो जाती हैं। पूरे दिन कस्बे में यही चर्चा व्याप्त रही।

सोनिया ने किया कांग्रेस के नए मुख्यालय का उद्घाटन

नई दिल्ली, 15 जनवरी (एजेंसी)। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के अन्य प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में नए पार्टी मुख्यालय का उद्घाटन किया। पिछले करीब पांच दशक से पार्टी का मुख्यालय 24 अकबर रोड था। अब मुख्य विपक्षी दल का नया मुख्यालय 9ए कोटला मार्ग पर बनाया गया है। सोनिया गांधी ने फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद थे। इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया और नेताओं ने राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान और 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा..' गाया। पार्टी के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। इसके अलावा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य, स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य, कांग्रेस संसदीय दल के पदाधिकारी, पार्टी के कई पदाधिकारी, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख, विभिन्न राज्यों के पार्टी के विधायक दल के नेता, सांसद, कई राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

मायावती को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, 2009 में लगाई गई मूर्तियों पर दायर जनहित याचिका खारिज

नई दिल्ली, 15 जनवरी (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की प्रमुख मायावती को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट बड़ी राहत मिली। शीर्ष कोर्ट ने 2009 में उनकी सरकार में लगाई गई मूर्तियों पर जांच की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि मायावती ने मुख्यमंत्री रहते हुए बजट से 2,000 करोड़ रुपये खर्च किए, जो उनके और उनकी पार्टी के चुनावी प्रतीक 'हाथी' की मूर्तियों को स्थापित करने में खर्च किए गए थे। याचिका दो वकीलों रवि कांत और सुकुमार की ओर से दायर की गई थी। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि अधिकांश मुद्दे अब अधिकतर मुद्दे अब अप्रासंगिक हो चुके हैं। कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि चुनाव आयोग पहले ही इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि 2008-09 और 2009-10 के दौरान जब मायावती उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं, तब राज्य के बजट से 2,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, जिनका उपयोग उनकी मूर्तियों और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के चुनावी प्रतीक हाथी की मूर्तियां विभिन्न स्थानों पर स्थापित करने में किया गया। वकील प्रकाश कुमार सिंह के माध्यम से दायर याचिका में दावा किया गया था कि 60 हाथी की मूर्तियों की स्थापना पर 52.2 करोड़ रुपये खर्च करना न केवल सार्वजनिक धन की बबादी है, बल्कि यह चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निदेर्शों के भी खिलाफ है। मायावती ने 2 अप्रैल 2019 को अपने फैसले का बचाव करते हुए सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि उनके मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान 'जनता की इच्छा' थी कि विभिन्न स्थानों पर उनकी और बीएसपी के चुनावी प्रतीक की मूर्तियां स्थापित की जाएं। उन्होंने कोर्ट में दलील दी थी कि कांग्रेस ने भी अतीत में अपने नेताओं की मूर्तियां स्थापित की थीं। (देश के पहले प्रधानमंत्री) पंडित जवाहर लाल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और नरसिम्हा राव की मूर्तियां देशभर में लगाई गई थीं। उन्होंने हाल ही में राज्य सरकारों द्वारा लगाई गई मूर्तियों के भी उदाहरण दिए थे, जिनमें गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटा जैसी मूर्ति भी शामिल है।

हिस्ट्रीशीटर सहित 35 को किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। पुलिस ने अभियान चलाकर हिस्ट्रीशीटर समेत 35 वांछितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कोर्ट से वारंट जारी हो रखे थे। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के निर्देश पर पुलिस ने मंगलवार रात्रि शातिर व वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया। जनपद के सभी थानों की पुलिस ने वांछित चल रहे आरोपियों की तलाश में दबिश दी। अभियान के दौरान शहर कोतवाली पुलिस ने गौतस्करी में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर इस्तकार निवासी मिमलाना रोड को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज है। एसपी सिटी ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर समेत 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

राकेश टिकैत ने रामलला के दरबार में लगायी हाजिरी

अयोध्या, 15 जनवरी (वार्ता) भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने आज श्रीरामजन्मभूमि पर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन किया एवं प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में जाकर मत्था टेका।

श्री चौधरी ने रामलला का दर्शन करने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अयोध्या का विकास अच्छी बात है। भव्य हो, सुंदर हो, यातायात की सुविधायें हों मगर किसी का विनाश करके विकास न किया जाय। जिन-जिन किसानों, मजदूरों, नागरिकों की जमीनों का अयोध्या में अधिग्रहण करके विकास किया गया है उनको इतना मुआवजा दिया जाय कि उनका मकान व जमीन पुनः सुरक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि अयोध्या शहर में श्रद्धालु तो बहुत आ रहे हैं लेकिन यहां शौचालय की कमी है। किसी भी शहर को सुंदर बनाने के लिये किसी का विनाश करना अनुचित है। रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर अभी बन रहा है जो अति सुंदर है और उनका दर्शन भी किया। श्री टिकैत ने कहा कि देश की सरकार किसानों के विकास के लिये सभी फसलों पर एमएसपी गारंटी लागू करे। उन्होंने कहा कि 18 जनवरी को संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक दिल्ली में होने जा रही है जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। भारतीय किसान यूनियन की पांच दिवसीय चितन शिविर का आयोजन प्रयाग में हो रहा है जिसमें संगठन व किसानों के हित में महत्वपूर्ण फैसले लिये जायेंगे। दिल्ली विधानसभा के चुनाव पर पूछने पर उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन पंजाब को लेकर पूरे देश के किसानों के एमएसपी कानून बनाये भारत सरकार जिससे पूरे देश के किसानों को फायदा हो सके। प्रयागराज कुम्भ को लेकर राकेश टिकैत ने कहा कि पिछले चालिस साल से महाकुंभ हो रहा है और सभी सरकार ने श्रद्धालुओं के लिये अच्छी व्यवस्था की है।

इमरजेंसी की रिलीज से पहले कंगना रनौत को झटका! पड़ोसी देश में फिल्म को किया बैन

नई दिल्ली, 15 जनवरी (एजेंसी)। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी लंबे इंतजार के बाद रिलीज होने वाली है। 17 जनवरी को फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में एक्ट्रेस पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। इसी बीच खबर आई है कि फिल्म को पड़ोसी देश में बैन कर दिया गया है। इमरजेंसी की कहानी 1975 में भारत में लगे आपातकाल पर बेस्ड है, लेकिन बांग्लागदेश में फिल्म को क्यों बैन किया गया है, हाल ही में एक रिपोर्ट छपी, इससे पता लगा कि कंगना रनौत की इमरजेंसी को बांग्लादेश में बैन कर दिया गया है। बांग्लादेश में जिस वजह से फिल्म की स्क्रीनिंग रोकी गई है, वो वजह है। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी में भारतीय इतिहास का बहुत बड़ा चैप्टर दिखाया गया है। इस फिल्म में शेख मुजीबुर्रहमान को दिए इंदिरा गांधी की सरकार का समर्थन दिखाया गया है। दरअसल मुजीबुर्रहमान को बांग्लादेश का पिता कहा जाता है। अब ऐसी चर्चा हैं कि फिल्म में दिखाए गए इन सभी सीन्स के चलते ही उसे बैन किया गया है। फिल्म एक दिन बाद ही यानी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। उससे पहले ही कंगना रनौत के लिए यह एक बड़ा झटका है। इस फिल्म का बांग्लादेश में बैन होना बताता है कि इस वक्त दोनों देशों के बीच कैसा राजनीतिक माहौल बना हुआ है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि किसी फिल्म को बांग्लादेश में रिलीज करने से रोका गया है।

गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ दायर परिवाद में बयान दर्ज

नई दिल्ली, 15 जनवरी (एजेंसी)। लोकसभा में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा टिप्पणी करना उन्हें महंगा पड़ सकता है। बीते 7 जनवरी को सुल्तानपुर के एमपी/एमएलए कोर्ट में दायर परिवाद में बुधवार को वादी का बयान दर्ज हुआ। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने गवाही के लिए 23 जनवरी की तिथि नियत की है। परिवादी के अधिवक्ता जयप्रकाश का कहना है कि मामले में अमित शाह को जमानत के लिए आना ही पड़ेगा। बुधवार को दोपहर 2 बजे विशेष कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। याचिकाकर्ता धम्मौर थाना अंतर्गत बनकेपुर सरैया निवासी रामखेलावन अपने अधिवक्ता जयप्रकाश के साथ कोर्ट रूम में पहुंचे। जहां स्पेशल जज शुभम वर्मा ने पूछा रामखेलावन बताइए क्या मामला है? इस पर याची ने कहा साहब, 17 दिसंबर 2024 को लोकसभा में भारत के संविधान निमार्ता डॉ. भीम राम आंबेडकर के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था, 'अंबेडकर-अंबेडकर (6बार यह शब्द दोहराया) एक फैशन हो गया है। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग हो जाता।' जिनकी बदौलत अमित शाह आज गृहमंत्री हैं उन्हीं के खिलाफ ऐसी टिप्पणी किया जिनको करोड़ों गरीब मजदूर अपना भगवान मानते हैं, उससे करोड़ों लोगों की भावानाएं आहत हुई हैं। इससे मेरी भी भावना आहत हुई है। इसी को लेकर मैंने अमित शाह के खिलाफ परिवाद दायर किया है। उधर कोर्ट ने परिवादी से यह भी पूछा कि क्या कहीं इसकी शिकायत दर्ज कराई थी? जिस पर याची ने जवाब देते हुए कहा कि 24 दिसंबर 2024 को पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर डाक से भी कार्रवाई के लिए तहरीर भेजी थी लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। कोर्ट ने याची का बयान दर्ज करते हुए दो गवाह लाने को कहा। गवाही के लिए 23 जनवरी की तिथि नियत की गई है। इस बाबत परिवादी के अधिवक्ता जयप्रकाश ने बताया कि हमने कोर्ट में पेपर कटिंग, पेन ड्राइव में अमित शाह के बयान का वीडियो, वादी का कास्ट सार्टिफिकेट दाखिल किया है। पहली गवाही 23 जनवरी को होना है, दो गवाही इसमें अनिवार्य है।

मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष कविता मीना पर कर्मचारी ने लगाए कुत्ते को ब्रश कराने के आरोप

मुजफ्फरनगर, 15 जनवरी (बु.)। उत्तर प्रदेश ग्रामीण पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले विभाग में कार्यरत दो सफाई कर्मचारियों दीपा पत्नी कृष्णपाल व मनीष पुत्र कर्मसिंह ने जिला पंचायत राज अधिकारी व एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीना व उनके पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपों की झड़ी लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर कर्मचारी संघ के अजीत पाहिवाल ने मीडिया को बताया कि उनके साथ कई सफाई कर्मचारी आए हैं, जिनके आरोप खुद सुने जा सकते हैं। कर्मचारी मनीष कुमार ने बताया कि एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीना सफाई करवाने के नाम पर उनसे कपड़े प्रेस, बच्चों के खिलौने इकट्ठा कराना के साथ साथ कुत्ते को ब्रश तक करवाती हैं। मनीष का आरोप है कि उन्हें हम इंसानों से ज्यादा कुत्तों से लगाव है। उनका कुत्ता उसे कई बार काट चुका है बावजूद उसके भी वे उनसे कुत्ते की देखभाल कराती हैं। शौचालय जाने पर कटाक्ष करते हुए उनके पति कहते हैं कि तुम्हे डायबिटीज हो गयी है क्या? ऐसे ही गंभीर आरोप उसके साथ आई उपाध्यक्ष के यहां कार्य करने वाली दीपा ने भी लगाए।

प्रदेश में कक्षा आठ तक 16 व 17 जनवरी को छुट्टी घोषित

लखनऊ, 15 जनवरी (एजेंसी)। यूपी के परिषदीय स्कूलों में शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए 16 व 17 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया है। हालांकि, इस दौरान शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मियों का कोई अवकाश नहीं होगा। प्रदेश में शीतलहर की चेतावनी को देखते हुए प्रदेश के परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की 16 व 17 जनवरी को छुट्टी कर दी गई है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से बुधवार देर रात इसका आदेश जारी कर दिया गया। उन्होंने कहा है कि इस अवधि में शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को विद्यालय आना होगा और प्रशासनिक कार्य करने होंगे। बता दें कि प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक जाड़े की छुट्टियां थीं। 15 जनवरी बुधवार को ही विद्यालय खुले थे। किंतु सुबह 11 बजे तक कई जिलों में घना कोहरा था। वहीं मौसम विभाग ने आगे भी दो दिन कड़ाके की ठंड का पूवार्नुमान किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर को दी अंतरिम राहत

नयी दिल्ली, 15 जनवरी (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा (2022) में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के आरक्षण लाभ के लिए धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा करने की आरोपी महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु बर्खास्त अधिकारी पूजा खेडकर को बुधवार को राहत देते हुए इस मामले में अगले आदेश तक किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने आदेश देते हुए कहा, ''अगली तारीख तक याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाना चाहिए।'' शीर्ष अदालत ने इस मुकदमे में सुश्री खेडकर की याचिका पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और यूपीएससी से जवाब तलब किया। सुश्री खेडकर ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत खारिज कर दी थी।

मोहन भागवत के 'सच्ची आजादी' वाले बयान पर राहुल ने क्यों कही 'इंडियन स्टेट' से लड़ने की बात

नई दिल्ली, 15 जनवरी (एजेंसी)। राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि मोहन भागवत अगर किसी दूसरे देश में ऐसा बयान देते तो इसे देशद्रोह मान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और मुकदमा चलाया जाता। मोहन भागवत सोमवार को इंदौर में थे। वहां वो रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार देने के लिए मौजूद थे। इस पुरस्कार समारोह में भागवत ने कहा था कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को प्रतिष्ठा द्वादशी के तौर पर मनाया जाना चाहिए। इसे ही भारत का 'सच्चा स्वतंत्रता' दिवस मानना चाहिए। मोहन भागवत ने कहा था, ''सदियों से दुश्मनों के हमलों को झेलने वाले भारत ने इसी दिन सच्ची स्वतंत्रता देखी।

शादी से 4 दिन पहले बेटी ने की बगावत, पुलिस के सामने ही पिता-भाई ने बेटी को मारी गोली

ग्वालियर, 15 जनवरी (एजेंसी)। ग्वालियर में ऑनर किलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां शादी को लेकर विवाद में शादी से 4 दिन पहले पिता महेश गुर्जर ने अपने भतीजे राहुल के साथ मिलकर अपनी 20 साल की बेटी तनु की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना तब हुई, जब बेटी ने वीडियो वायरल कर शादी से इंकार किया। उसने कहा की वह विक्की से शादी करेंगी। इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुँची। पिता और बेटी के बीच हुए इस विवाद ने इतना गंभीर मोड़ लिया कि पिता ने भतीजे के साथ मिलकर बेटी की जान ले ली।ग्वालियर में एक पिता ने अपनी ही सगी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि 18 जनवरी को बेटी की शादी होनी थी। बेटी किसी और से शादी करना चाहती थी। पिता महेश गुर्जर और भतीजा राहुल ने वारदात को अंजाम दिया है। घर के अंदर विवाद के दौरान युवती को गोली मारी गई है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं भतीजा फरार हो गया है। यह गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर की घटना बताई जा रही है।

भ्रष्टाचार मामले में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमन्त्री खालिदा जिया बरी, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

नई दिल्ली, 15 जनवरी (एजेंसी)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार के मामले में बरी कर दिया। पूर्व पीएम खालिदा जिया को 2018 में जिया चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में हाईकोर्ट ने दोषी ठहराया था और 10 साल की सजा सुनाई थी। बांग्लादेशी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. सैयद रेफात अहमद की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने जिया खालिदा, बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान और अन्य सभी संदिग्धों को जिया अनाथालय ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में उनकी अपील में बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बदले की भावना से प्रेरित था। साल 2011 में भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) ने पूर्व प्रधानमंत्री और जिया चैरिटेबल ट्रस्ट की खालिदा और तीन अन्य खालिदा के राजनीतिक सचिव के खिलाफ तेजगांव पुलिस थाने में शक्तियों का दुरुपयोग करके ट्रस्ट के लिए अज्ञात स्रोतों से धन इकट्ठा करने का मामला दर्ज किया था। इस मामले में 8 फरवरी 2018 को ढाका की विशेष अदालत ने जिया को पांच साल की जेल की सजा सुनाई थी। इसी फैसले में जिया के बेटे तारिक और पूर्व मुख्य सचिव कमालुद्दीन सिद्दीकी समेत पांच अन्य आरोपियों को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। आरोपियों पर 2.1 करोड़ टका का जुमार्ना भी लगाया गया था। आरोपियों में तारिक, सिद्दीकी और जियाउर्रहमान का भतीजा मोमिनुर रहमान अभी भी फरार हैं। इसके बाद पूर्व पीएम खालिदा जिया ने ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। 30 अक्तूबर 2018 को जस्टिस एम इनायतुर रहीम और जस्टिस एमडी मुस्तफिजुर रहमान की पीठ ने सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया। इसके बाद जिया ने सजा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील याचिका दायर की। कानूनी प्रक्रिया और वकीलों की ओर से पहल न होने के चलते सालों तक अपील लटकी रही। 11 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने जिया की अपील की स्वीकार कर ली।

छह डाक्टरों के खिलाफ मानव अंग तस्करी का मुकदमा

बुलंदशहर 15 जनवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के नरसेना थाने में मेरठ के छह डॉक्टर्स के खिलाफ किडनी निकालने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि बुलंदशहर निवासी कविता ने 2017 में मेरठ के बागपत रोड स्थित केएमसी में बुखार का इलाज कराया था। इलाज के दौरान वहां के चिकित्सक ने एक किडनी निकाल ली थी। पांच साल तक अस्पताल के चिकित्सक महिला को दवा देकर बरगलाते रहे। इस दौरान 2022 में एक निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर में अल्ट्रासाउंड कराने पर महिला को किडनी गायब होने की जानकारी मिली। इसके बाद जब उसने अस्पताल के डाक्टरो से बात की तो उल्टा ही उसे जान माल की धमकी मिलने लगी। थक हार कर महिला पुलिस में शिकायत लेकर गयी मगर वहां भी उसे अनसुना कर दिया गया। आखिरकार अदालत की शरण में जाने पर एसीजेएम तृतीय के आदेश पर अस्पताल संचालक और उसकी डाक्टर पत्नी के अलावा चार अन्य चिकित्साकर्मियों के खिलाफ मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम समेत धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

शेष : कोहरे व ठंड के बीच ठिठुरते स्कूल पहुंचे बच्चे, फिर हुई छुट्टी

इस बीच दो सप्ताह की स्कूलों की छुट्टी के समाप्त होने के बाद खुल जाने से बच्चों के साथ ही अभिभावकों का बुरा हाल रहा। ऐसे में घने कोहरे और ठंड के बीच में बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे। इस बीच कोहरे की दृश्यता शून्य के करीब होने से सड़कों पर चलने वाले वाहनों की गति पर कोहरे ने ब्रेक लगा दिए। इसके चलते नगर क्षेत्र ही नहीं अपितु हाईवे और उससे जुड़े संपर्क मार्गों पर बड़े वाहनों की हेडलाइट व कोहरे को चीरने वाली फोग लाइट भी पूरी तरह से फेल साबित हो गई। कोहरे व अत्यधिक ठंड के कारण छोटे बच्चे और बुजुर्ग कमरों में बैठकर अंगीठी और हीटर जलाकर रहने को मजबूर दिखाई दिए। मौसम विभाग के जारी अनुमान में प्रदेश के कई जिलों में रात्रि के समय अभी भीषण ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश में बारिश की सम्भावना जताई है। प्रदेश में मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर व संभल सहित 32 से ज्यादा जनपदों में कोहरा छाए रहने का अलर्ट है। इसके साथ कई जिलों में बारिश की संभावना जताई जा रही है। वहीं जनपद मुजफ्फरनगर, इटावा और बुलंदशहर में सबसे कम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरूवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो वेस्ट यूपी व दिल्ली-एनसीआर में घने से बहुत घना कोहरा छाने की संभावना है।पश्चिमी विक्षोभों के चलते मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। बीते कई दिन